तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

13 कॉलेज में कैरियर गाइडेंस पर हुआ सेमिनार


14 खरीदी केंद्रों में मापदंड से अधिक लिया जा रहा धान




## खबर संक्षेप

### हवन सामग्री की फैक्ट्री में लगी आग

**महासमुंद।** औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के एक हवन सामग्री फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई। सुबह-सुबह आग लगने की इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारण अब तक अज्ञात है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में प्लाट नंबर 126 में गणेश हवन सामग्री फैक्ट्री संचालित है। आज सुबह करीब सात बजे वहां कार्यरत कर्मी ने कैलाश राठी को फोन पर आग लगने की जानकारी दी बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी समय बाद आग पर काबू पाया। श्री राठी ने बताया कि आग लगने की इस घटना में मशीन सहित कच्ची सामग्री व अन्य सामान जलकर राख हो गया जिससे उन्हें 40-50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास दो बाइक भिडंत हो गई। हादसे में घायल हुए प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर 18 गुरूपारा शिव चौक महासमुंद निवासी देवेश यदु ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर को दोपहर 2:30 से 3 बजे वह अपने घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 1383 से आरंग जा रहा था। इसी दौरान राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनयू 2422 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, हादसे में देवेश को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल के चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### भतीजे को बेटा बोलने पर पिता ने की मारपीट

**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ागढ में भतीजे को बेटा बोलने पर बच्चे के पिता ने मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। हीराधर नंद पिता स्व. बंशीधर नंद (50 वर्ष) निवासी पोड़ागढ ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने घर के सामने उसके छोटे भाई के पुत्र तूफान को क्या कर रहे हो बेटा बोला, तभी हीराधर के छोटे भाई रायधर नंद ने गाली गलौज कर हाथ, मुक्का एवं जमीन में पटककर लात से मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से हीराधर को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रायधर नंद के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।


# विकास कार्यों के लिए परस्पर सहयोग और समन्वय जरूरी : मंत्री टंकराम

## बुड़गहन में महतारी सदन, पानी टंकी और राशन दुकान भवन का मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा मितानिनों का किया गया सम्मान

ग्राम पंचायत बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन, पानी टंकी और राशन दुकान भवन का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा मितानिनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ–साथ बस्तर में शांति स्थापित करने नक्सल उन्मूलन में तेजी से कार्य किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के विभिन्न खेलों में बस्तर संभाग के 1 लाख 65 हजार युवक–युवतियां हिस्सा ले रही हैं। बस्तर ओलंपिक देश में अपनी तरह का बहुत बड़ा खेल आयोजन है। इस अवसर पर जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष राकेश वर्मा, सदस्य अदिति बघमार, जनपद सदस्य उमा अनंत, सरपंच मानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



### खेल के माध्यम से व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है

खेल के माध्यम से व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है, जिससे व्यक्ति की छिपी प्रतिभा का ज्ञान लोगों को होता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि हमें परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ विकास कार्यों में सहभागी बनकर ग्राम के विकास में भागीदारी अदा करना चाहिए, जिससे ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित कर सके।

## धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व सीएम, समिति प्रभारी को दी चेतावनी

# स्टेक के बोरों में निर्धारित वजन से अधिक निकली धान, भूपेश बघेल ने कराया वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भाटापारा प्रवास के दौरान सिमगा के बाइपास पर शुक्रवार को विधायक इंद्रसाव के नेतृत्व में भूपेश बघेल का जोरदार स्वागत किया गया।

स्वागत के दौरान स्थानीय किसानों ने सिमगा नगर के धान खरीदी केंद्र की अव्यवस्थाओं एवं समिति प्रभारी की शिकायत पर श्री बघेल ने सिमगा स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष किसानों ने समिति प्रभारी मंजुला शर्मा की शिकायत की। ग्राम कचलोन के किसान हरिशंकर सोनवानी ने आरोप लगाया कि समिति प्रभारी सीधे धान की खरीदी न कर धान का ढेर लगाकर रखवा देते हैं तथा पैसे की मांग की जाती है। साथ ही किसानों को आपका धान कहीं और ले जाकर बेच दो कहती है। सिमगा के किसानों ने सुखत के नाम पर 500 से 600 ग्राम ज्यादा धान तौलने की बात कही, जिसका बघेल ने तौले धान को कांटे पर चढ़वा कर देखा तो 41.100 ग्राम पाया, जिस पर बघेल ने प्रभारी को समझाते हुए कहा कि इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। यह धान किसानों के मेहनत और पसीने से उगाया गया है। किसान एक–एक बीज खेत से इकट्ठा कर मंडी बेचने आते हैं और इस प्रकार ज्यादा धान–तौल कर उनके उनके मेहनत पर पानी फेरने का कार्य न करें।

समिति प्रबंधक मंजूला शर्मा ने कहा कि मेरे या मेरे सहकर्मियों द्वारा किसानों से किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं किया है यह मेरे उपर झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

सिमगा समिति के अध्यक्ष छोटू यादव ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो उसकी पूरी व्यवस्था की गई है। आज पूर्व मुख्यमंत्री के भूपेश बघेल के समक्ष कांग्रेस समर्थक किसानों को लाकर सिमगा सोसायटी के कर्मचारियों को बदनाम करने की एक साजिश है। मैंने खुद किसानों से इस बात की जानकारी ली है, परंतु किसी भी किसान ने लेनदेन की बात मेरे समक्ष नहीं रखी है।

निरीक्षण के दौरान विधायक इंद्र साव, नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दशरथ चंद्राकर, हिरेंद्र कोसले, मनहरण माली, अरुण यादव, गंगा ओगरे, चंद्रशेखर साहू, तुषार मानिकपुरी, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, लक्ष्मण सोनकर, लक्की साहू, सतीश देवांगन, नारद सोनकर, गोलू पाटकर, मुकेश साहू, प्रेम साहू, ढेलू साहू, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।



### आवक एवं उठाव की ली जानकारी

श्री बघेल ने टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी मांगी तथा धान को जमीन पर तौलने की जगह शेड के भीतर तौलने कहा, जिससे धान जमीन पर गिरकर खराब होने से बचेगी और स्टेक को आप जमीन पर लगाने की सलाह दी। बघेल ने समिति प्रभारी से धान के आवक एवं उठाव पर भी जानकारी लेते हुए कहा कि धान का उठाव ना होने से सोसाइटियो में धान रखने की जगह नहीं बचेगी और यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में धान खरीदी बंद हो जायेगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अचानक सिमगा धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण पर पहुंचने की जानकारी एसडीएम अंशुल वर्मा को लगी तो उन्होंने तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा को तत्काल जांच में भेजा, जहां उन्होंने शिकायत पर किसानों से जानकारी लेकर रिपोर्ट बनाकर एसडीएम को सौंप दी है। इस संबंध में एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात कार्रवाई की जायेगी।

# युवक से मारपीट के बाद फरार आरोपी गिरफ़्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सकरी के पास प्रार्थी एवं उसके अन्य 2 साथियों के साथ आरोपी द्वारा साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने की शिकायत गोविंद राम रात्रे निवासी ग्राम दतान(प) में थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी। उन्होंने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर को रात्रि करीब 8 बजे बलौदाबाजार से अपने घर दतान जा रहा था। मेरे साथ पुष्पकांत मेजर एवं लकेश बघेल भी थे। इसी दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज संकरी के पास दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरा मोटरसाइकिल रोककर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए, डंडा, बेल्ट, राड से मारपीट और लूट कर फरार हो गए हैं। मारपीट करने से मेरे सिर, दोनों पैर के जांघ, आंख के पास चोंट आयी है। इस रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।



■ डंडा, बेल्ट, राड से किया था मारपीट

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में दो आरोपी अक्षय गिरि एवं सोनू यादव को हिरासत में लिया। प्रकरण में जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आज उक्त मामले में फरार आरोपी वीरेंद्र कुर्रे उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके साथ अन्य दो लोगों के साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को शुक्रवार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# डीईओ से समन्वयक संघ ने की मुलाकात



**गिरसा नाला।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नव पदस्थ डीईओ विभावरी सिंह ठाकुर से समन्वयक संघ ने सौजन्य मुलाकात कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू, सचिव डाबर सिंह साहू के नेतृत्व में राजेश कुमार देवांगन, चौतन्य कुमार साहू, शंभु टंडन, अमित केशरवानी, सुदर्शन कर्ष, खेलावन निराला, विपिन किशोर मिंज, छेदूराम चौहान, ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़ के खेलभाटा मैदान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ महतारी और मां शारदा की पूजा के बाद तीनों ब्लॉक के गुब्बारे को आकाश की ओर छोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ के विधायक कविता लहरे ने दौड़ को हरी झंडी दिखा कर प्रतिभागियों को रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज जितना महत्व शिक्षा का है, उतना ही महत्व खेल का भी है। खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है, खेल से जहां मन स्वस्थ्य होता है वहीं टीम भावना भी आती है। इस दौरान लोकनृत्य के साथ सभी खेल का आयोजन किया गया। विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, स्कूल शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी विभावरी ठाकुर, सेजेस नोडल अधिकारी नरेश चौहान, बीईओ सत्यनारायण साहू, रेशम लाल कोसले, नरेंद्र जांगड़े, प्रभारी खेल अधिकारी कौशल ठेठवार, व्यायाम शिक्षक आरती शुक्ला, राजाराम उरांव, ममता साहू, फकीरा यादव, संपादक गोल्डी नायक आदि उपस्थित थे।



# शराब पिलाने वाले 27 लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ जारी है। गुरूवार शाम क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 27 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी 27 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई की गई है। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली द्वारा 2 आरोपी, थाना ▶▶ शेष पेज 13 पर



### इन पर हुई कार्रवाई

कार्रवाई किये गये आरोपियों में किरत चिमनानी 48 साल पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, वीरेंद्र ठाकुर 45 साल सिविल लाइन बलौदाबाजार,दीपक ध्रुव 24 साल,राजू धृतलहरे 37 साल बिटकुली चौकी करहीबाजार, बालक कोसले 40 साल अहिल्दा, हरिशंकर चेलक 45 साल धाराशिव, ईश कुमार सेन 19 साल दतान,सत्यनारायण बंजारे 40 साल लिमतरा सिमगा, तुकाराम केवट 25 साल खरगाडीह, राजू ध्रुव 29 साल सुमा भाटापारा, संतराम केवट 55 साल संजारी नवागांव सिमगा, करण बंजारे 40 साल माचाभाट भाटापारा, सुनील भारती 37 साल सिनोधा भाटापारा,गोविंदा ध्रुवउम्र 32 साल बोडा मोहान गिधपुरी, दयालू साहू 20 साल गिर्रा पलारी, कोमल बांधे 24 साल बोहारडीह गिधपुरी, उत्तम निर्मलकर 29 साल कुरूद गिधपुरी, पवन यादव 23 साल भाटापारा, देवेंद्र हिरवानी 23 साल रायपुर, खिलेश्वर साहू 26 साल कसडोल, नागेश्वर कलार 42 साल कसडोल, दिलहरण साहू 53 साल कसडोल, ▶▶ शेष पेज 13 पर

## एक बेड पर दो बच्चे सोने को मजबूर, छात्रों के पास कंबल तक नहीं

# प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बदहाली पर बहा रहा आंसू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

मुख्यालय से महज 27 किलोमीटर दूर बल्दाकछार का प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास अपनी बदहाली पर आशु बहा रहा है। जानकारी के अनुसार 5 से 7 वर्ष पूर्व बना छात्रवास अब पूरा जर्जर हालत में है। छात्रावास के चारों तरफ दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें आ चुकी हैं। ऐसे स्थिति में अपनी जान दाव पर रख छोटे-छोटे बच्चे इस छात्रवास में रहने मजबूर है। इस छात्रवास में बच्चों को मेन्यू चार्ट के हिसाब से कोई भी दिन खाने को नहीं दिया है। यहां अधीक्षक संतोष चौहान द्वारा जो भी सब्जी लाकर देते है, रसोइया उसे ही बनाकर छात्रावास के बच्चों को परोस दिया करते हैं और ▶▶ शेष पेज 13 पर



### भवन में रंग रोगन तक नहीं हुआ

गौर करने वाली बात है कि यह छात्रावास जब से बना है, तब इस छात्रवास का रंग रोगन किया गया था, उसके बाद आज तक विभाग द्वारा रंगाई पुताई किसी ने कराना मुनासिफ नहीं समझा। बच्चों का कहना है कि जो सुविधा हमें शासन प्रशासन से दी जाती है ओ हमें मिलना चाहिए। अब सोचने वाली बात तो यह कि जब सरकार द्वारा जो राशि महीने में प्रति बच्चों को दी जाती है तो इन बच्चों को वह सभी सुख सुविधा नहीं मिल पा रही है। जबकि यह छात्रवास 50 सीटर होने के बावजूद यहां केवल 20 से 25 बच्चे रहते हैं। बच्चों ने बताया है कि यहां 30 बच्चों का एडमिशन हुआ।

### रसोइया के भरोसे छात्रवास

सूत्रों की माने तो छात्रावास के अधीक्षक संतोष चौहान बच्चों को रसोईयों के भरोसे छोड़ खुद छात्रवास में नहीं रहते। सप्ताह में 1 से 2 बार छात्रवास में आते हैं। इस छात्रवास के कई कमरे यहां ऐसे हैं जहां बिल्कुल भी नहीं रह सकते। कमरों का टाइल्स पूरा टूटा हुआ है। एक बाथरूम ऐसा है कि जब से इस छात्रवास भवन का निर्माण हुआ तब से आदिवासी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार नल ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सांप-बिच्छू का बना रहता है खतरा

बच्चों ने बताया कि उनके पास कंबल नहीं है जिसके चलते उन्हें 1 बेड पर दो लोगों को सोना पड़ता है, जबकि फारेस्ट एरिया साथ ही अभी ठंड का सीजन चल रहा है, तो पहले से कंबल बच्चों को मुहैया कराना चाहिए। छात्रावास के दिवालों के अलावा यहां की खिड़की दरवाजे टूटे हुए हैं। वन ग्राम है जंगली जानवरों सांप का खतरा 24 घंटे बना रहता है, लेकिन इन्हें मरम्मत करने वाले कोई नहीं है। बच्चों ने बताया कि बरसात के समय छात्रवास के छत से पानी टपकता है, जिससे यहां रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### समस्याएं उच्च स्तर पर बता चुका हूं

मैं रात में गया था, लेकिन मेरी तबियत खराब होने से घर आ गया, मै वहां अभी गया हूं। 1 साल हुआ है पहले मैं एकलव्य में था, यहां शासन के तरफ से कुछ कार्य नहीं कर रहे हैं। मैं कई बार लिख लिख कर दे चुका हूं। अधिकारियों को अवगत करा चुका हूं। मेरे पास भवन बनाने के लिए पैसा नहीं। मैं बच्चों को खाने के लिए अंडा, मुर्गा, नहाने लक्स साबुन देता हूं।

**-संतोष चौहान,** अधीक्षक, छात्रावास बल्दाकछार

### अभी बाहर हूं

अभी मैं सोनाखान में हूं, पटवारी को भेजकर दिखवा लेता हूं।

**-रामरतन दुबे**
एसडीएम, कसडोल

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### मुक्ताकाशी मंच पर आज सजेगी गीतों की महफिल

रायपुर। स्वर सप्तक संस्था द्वारा महान फिल्म संगीतकार खय्याम की स्मृति में सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। 7 दिसंबर को शाम 7 बजे से मुकताकाशी मंच पर आयोजित इस संगीत संध्या में अंचल के गायक बॉबी मंडल, वंदना कुलदीप, ओम प्रकाश, राजेश तिवारी, जावेद अली, गोपा सान्याल गीतों को आवाज देंगे। वहीं शिवानी बानी, नगिता गुप्ता, भूमि सागर, दिनेश वर्मा, अजय कर्मोकार व गिरीश कुलदीप खय्याम के स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति देंगे। उदय दास ने बताया कि प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर एयरपोर्ट प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. एसडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

### छज्जा निकालने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। मंदिर हसौद थाने में एक चरवाहे ने अपने छोटे भाई तथा भतीजे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीनाथ यादव ने लक्षण तथा उसके बेटे कमलेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मीनाथ ने पुलिस को बताया कि वह गांव के मुखिया की उपस्थिति में बंटवारे में मिली जमीन में छज्जा निकाल रहा था। इस बात से दोनों नाराज हो गए और लक्ष्मीनाथ के साथ मारपीट की।

### बैज बोले- भाजपा सरकार एक साल में ही विफल



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार एक साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गई। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गई। गो तस्करी की घटनाएं शुरू हो गईं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गई, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गई। श्री बैज ने कहा, सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण एक साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है।

### सुनील सोनी की तीन वार्डों में आभार रैली



रायपुर। नवनिर्वाचित विधायक सुनील कुमार सोनी की आभार रैली गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के 3 वार्डों के मुख्यमार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान उन्होंने आमजनों का अभिवादन करते हुए ऐतिहासिक जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों एवं नृत्य के साथ आभार रैली की अगुवाई की। आम नागरिकों ने श्री सोनी का पुष्पवर्षा और फूलमालाओं से स्वागत किया। श्री सोनी ने कहा, मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास किया और इस विश्वास पर हम खरे उतरेंगे।

# राजधानी के आउटर की हवा खराब, बारिश की वजह से लोगों को मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आउटर इलाकों में इन दिनों हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब है। हवा का स्तर सबसे ज्यादा खराब एम्स, टाटीबंध इलाके के साथ औद्योगिक एरिया सिलतरा, उरला, बिरगांव, धनेली का एरिया शामिल है। औद्योगिक एरिया में क्यूआई का स्तर सौ से पार हो गया है। इसके कारण सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से टाटीबंध क्षेत्र में थोड़ी राहत है, लेकिन जो राहत मिली है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा इलाके में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण हवा के स्तर में जरूर सुधार हुआ था। क्षेत्र का क्यूआई का स्तर 68 तक पहुंच गया, जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है। क्यूआई का स्तर 116 तक पहुंच गया है। इसी तरह से बुधवार को एम्स, टाटीबंध क्षेत्र में क्यूआई का स्तर 118 तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। उस लिहाज के क्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

***इतने से इतने बजे के बीच हवा में सबसे ज्यादा जहर:*** *नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्यूआई का स्तर रात 12 बजे से सुबह आठ बजे के बीच सबसे ज्यादा प्रदूषित रहता है। इस दौरान पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर 80 से लेकर 150 तक पहुंच जाता है। सुबह धूप निकले के बाद थोड़ी राहत मिलनी शुरू होती है। गुरुवार को रात आठ बजे 2.5 का स्तर सिलतरा में 101 पर पहुंच गया।*

## एयर क्वालिटी खराब होने से स्वांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों की बढ़ी परेशानी

### आंबेडकर में पहुंच रहे रोज 50 से 100 मरीज

*हवा का स्तर खराब होने की वजह से अस्थमा सहित अन्य तरह के सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में परेशाना का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरे ओर हवा में घूल रहे जहरीले पार्टिकल की वजह से लोगों को सर्दी, जुकाम तथा खांसी की समस्या बढ़ी है। आंबेडकर अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम से संबंधित नियमित 50 से 100 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं।*



### क्यूआई का स्तर इस क्षेत्र में और भी ज्यादा खराब

*गौरतलब है कि एयर क्वालिटी मापने की मशीन शहर के चार जगह आउटर में लगे हैं। इनमें भाठागांव के अलावा एम्स, सिलतरा तथा कृषि विश्व विद्यालय के पास कृषक नगर है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में शामिल जयस्तंभ, घड़ीचौक, रेलवे स्टेशन जैसे क्षेत्र में क्यूआई मापने की मशीन लगाए जाने पर क्यूआई का शहर के अंदर की सही स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।*

### हवा का दबाव कम होने से क्यूआई का स्तर खराब

जानकारों के मुताबिक ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम रहता है, इस वजह से औद्योगिक से निकलने वाली प्रदूषित धुंआ ऊपर जाने की वजह से निचे रह जाती है। इसके चलते क्यूआई की स्तर बिगड़ता है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष शहर के आउटर औद्योगिक क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब है। पूर्व के वर्षों में औद्योगिक की जगह शहरी क्षेत्र में क्यूआई का स्तर ज्यादा खराब रहता था।

### सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके

# रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय पाने पक्षकार लगा रहे सालों से चक्कर, 5 सौ प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के अधीन रेंट कंट्रोल कोर्ट में न्याय की उम्मीद कर मकान मालिक और किराएदार केस दर्ज कराते हैं, लेकिन कछुए से भी धीमी गति से प्रकरणों पर हो रही सुनवाई के कारण सैकड़ों पक्षकार कोर्ट के चक्कर लगा-लगाकर थक हार चुके हैं। कई पक्षकार तो न्याय पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। कंट्रोल कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं। इनमें से करीब 2 सौ प्रकरण ऐसे हैं, जो पिछले 3 से 7 वर्ष के बीच है। इनमें भी कई प्रकरणों में अंतिम सुनवाई भी हो चुकी है, इसके बाद भी इन प्रकरणों में अब तक आर्डर जारी नहीं हुए हैं। हरिभूमि ने रेंट कंट्रोल कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या इतनी ज्यादा घटने के बजाए बढ़ क्यों रहे है और आखिर क्या कारण है कि पक्षकारों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिम्मेदारी जिस अफसर को दी जाती है, उसका कुछ महीनों में ही ट्रांसफर कर दिया जाता है या फिर प्रोटोकाल ड्यूटी में उसे झोंक दिया जाता है, जिसके कारण कोर्ट की नियमिति सुनवाई पर लगातार असर पड़ रहा है।

### सुनवाई की जा रही

चुनाव और शासकीय कार्यक्रमों की प्रोटोकाल ड्यूटी के कारण सुनवाई कम हो पाई है। सप्ताहभर से सुनवाई लगातार की जा रही है।

- **प्रकाश टंडन,** रेंट कंट्रोलर रायपुर

### सुनवाई में प्रोटोकॉल बड़ी बाधा

*रेंट कंट्रोल कोर्ट की जिस अफसर को जिम्मेदारी दी जाती है, उसी अफसर को प्रोटोकाल का प्रभार दिया जा रहा है। ये पिछले करीब 4-5 वर्ष से चल रहा है। इसके पहले प्रोटोकाल का प्रभार दूसरे अफसरों को दिया जाता रहा है, जिससे रेंट कंट्रोल कोर्ट में सुनवाई भी नियमित होती थी और पक्षकारों को न्याय भी मिल पाता था, लेकिन व्यवस्था बदल दी गई है, जिसके कारण अफसर कोर्ट की सुनवाई नहीं कर प्रोटोकाल में ही अपनी सेवा दे पा रहा है। यही कारण है कि कोर्ट की सुनवाई में भी 80 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है।*



### दो माह में सिर्फ 15 केस में सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रकाश टंडन का अक्टूबर में रेंट कंट्रोल कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। उनके प्रभार संभालने के बाद से वे चुनावी कार्य एवं शासकीय कार्यक्रमों की तैयारियों में व्यस्त हो गए। इसके कारण इन दो महीने में सिर्फ वे 15 सुनवाई ही कर पाए हैं। इनमें भी करीब आधा दर्जन प्रकरण में अलग-अलग कारण से सुनवाई की पेशी आगे बढ़ाई गई है, जबकि कोर्ट में करीब 5 सौ प्रकरण पेंडिंग हैं।

### एक साल में 5 अफसरों का तबादला

सालभर में रेंट कंट्रोल कोर्ट के प्रभार वाले 5 अफसरों का ट्रांसफर हो चुका है। इसकी शुरुआत नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हुई थी। चुनाव से तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को कोर्ट का प्रभार सौंपा गया था। चुनाव के मद्दनेजर उनका ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद तत्कालीन संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार सौंपा गया था। उनका ट्रांसफर भी विधानसभा चुनाव के बाद कुछ महीनों में कर दिया गया। उन्हें बिरगांव नगर निगम कमिश्नर बनाते हुए रेंट कंट्रोल कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस बीच अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उनकी जगह संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उनका भी एक-दो महीने ही प्रभार बदल दिया गया। इसके बाद उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को प्रभार सौंपा गया, लेकिन दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पूर्व उनका भी प्रभार बदलकर दिया गया। अब उनकी जगह राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर प्रकाश कुमार टंडन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**केस 1**

गुरजीत सिंह गरचा का केस 2018 से कोर्ट में चल रहा है। रायपुर के आनंद टॉकीज स्थित उसकी प्रॉपर्टी पर किराएदार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में वर्ष 2023 तक कई बार सुनवाई हो चुकी है। बताया गया कि इस सुनवाई में अंतिम निर्णय भी आया है, पर ऑर्डर जारी नहीं जा रहा है।

**केस 2**

पंडरी रायपुर निवासी धीरज अरोरा ने भी 3 साल पहले केस दर्ज किया था। उसके द्वारा अब्दुल अजीज कुरैशी जो किराएदार है, पर केस दर्ज करा कर अपना मकान-दुकान को उसके कब्जा से मुक्त कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस केस में पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले एक साल से लगातार पेशी की तारीख दी जा रही है, जिससे उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**केस 3**

डा. अनुपमा अस्थाना ने भी करीब 4 वर्ष पूर्व अपने मकान को किराएदार से कब्जा मुक्त कराने के लिए केस किया था। इस केस में अंतिम सुनवाई में अनुपमा के पक्ष में निर्णय आया था, जिसे चुनौती देकर दूसरे पक्षकार ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में अनुपमा के पक्ष में आदेश देते हुए 6 माह के भीतर रेंट कंट्रोलर को पक्षकार को न्याय दिलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इस आदेश के बाद भी डेढ़ वर्ष से अब तक पक्षकार को न्याय नहीं मिल पाया है।

**केस 4**

टिकरापारा रायपुर निवासी अलका ढोटे ने भी किराएदार नजमा बेगम एवं किशोर लंसोड़ के विरुद्ध करीब 3 वर्ष पहले केस दर्ज किया है। इस केस में भी पूर्व में कई बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन पिछले सालभर से इस केस में सुनवाई की पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# संस्थापकों की सदस्यता खत्म नहीं होती, देवांगन समाज का 18 को शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27 नवंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सर्व सहमति से सामाजिक संगठन को मजबूती देने के लिए नए संगठन के रूप में प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ का गठन किया गया है। इसमें सभी की सहमति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए उनको अधिकृत भी किया गया है। अब 18 दिसंबर को वृन्दावन हाल में दोपहर 12 बजे सभी जिले के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। यह निर्णय प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष की मनमानी के कारण समाज को लेना पड़ा। समाज को एकजुट करने के लिए संस्थापक सदस्यों से सहमति लेने के बाद नया संगठन भी तैयार किया गया है। प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन, संरक्षक व संस्थापक सदस्य कुंजलाल देवांगन और रामगोपाल देवांगन ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी 19 में से 12 पदाधिकारी प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ हैं। इनमें संस्थापक सदस्य भी शामिल हैं, जिनको समाज से बाहर करने और सदस्यता खत्म करने का दावा कुछ दिन पहले किया गया। नियम के मुताबिक संस्थापक सदस्यों की सदस्यता कभी खत्म नहीं की जा सकती। इसे खिलाफ मानहानि का दावा करने का निर्णय भी लिया जाएगा।

- प्रदेश देवांगन समाज ने पत्रकार वार्ता में कहा- करेंगे मानहानि का दावा

# जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की हुई बैठक



रायपुर। गुरु घासीदास की 268 वीं. जयंती की पूर्व संध्या पर परंपरानुसार राजधानी में 16 दिसंबर को आमापारा प्लाजा से सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें गुरुजी के संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां व पंथी नृत्य आकर्षण के केंद्र होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि जयंती व शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में बुधवार को सतनामी समाज की अहम बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को समापन स्थल नगर घड़ी चौक के मुख्य मंच में पुरुष्कृत करने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को सुचारु व्यवस्था के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। बैठक में संरक्षक शकुन डहरिया, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल लहरे, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, खेदु बंजारे, जीआर बाघमारे सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे।

# निकाय-पंचायत चुनाव : आयोग ने कहा- समय पर हो आरक्षण, परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने राज्य में आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को सुचारू और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए तैयारियों का मूल्यांकन किया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु शासन स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग,नगरीय प्रशासनएवं पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारिओं की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव तारण सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




### आयुक्त ने दिए अफसरों को ये निर्देश

बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य की आवश्यकता को देखते हुए आयोग एवं जिलों में डिप्टी कलेक्टर के रिक्त पदों तथा जिलों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जनपद पंचायत एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार के रिक्त पदों की पूर्ति हो। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित थें।

# बिना नक्शा पास कराए मकान के ऊपर तान दिया फर्स्ट-सेकेंड फ्लोर

### निगम ने लगाई रोक, दुकान भी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के छोटापारा में एक पुराने बने मकान के ऊपर बिना नक्शा पास कराए फर्स्ट व सेकेंड फ्लोर का निर्माण कराए जाने के मामले में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने मकान पर चले रहे अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई है, साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर बनी नवनिर्मित एक दुकान को भी सीलबंद किया। जोन-4 कमिश्नर ने बताया कि कार्यालय को सूचना मिली थी कि छोटापारा में मस्जिद के पास एक मकान मालिक अपने मकान के उपर फर्स्ट एवं सेकेंड फ्लोर का निर्माण करा रहा है। इस सूचना पर निगम निवेश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि मकान मालिक ने उपर फ्लोर बनाने के लिए नक्शा



ही पास नहीं कराया है। यही नहीं, उसने अपने मकान को कमर्शियल बनाते हुए नीचे स्वीकृत जमीन से अतिरिक्त जमीन पर कब्जा कर वहां एक दुकान भी बना ली है। विभागीय टीम ने इस मामले में मकान में चल रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई, साथ ही अतिरिक्त जमीन पर बनाई गई दुकान को भी सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसके अलावा एक अन्य दुकान चालू हालत में मिली है, उसे लेकर स्थल पर संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य के लिए नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

# नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा अभी भले नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन इस चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गया है। इसे लेकर रिटर्निंग, नोडल व सहायक नोडल अफसरों की पहले ही नियुक्ति की जा चुकी है। वहीं गुरुवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने इन अफसरों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्ति किए गए रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने स्थानीय चुनाव की समीक्षा के दौरान कहा कि चुनाव में सावधानियां बरतने के साथ गंभीरता बरतना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दायित्व का निर्वहन बेहतर तरीके से करें। चुनाव संबंधी प्रशिक्षण बेहतर तरीके से लें, ताकि चुनाव के दौरान किसी तरह की दिक्कत नहीं आए।




### मंडी में बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी


# नवंबर में 870 किसानों ने बेचा 20 हजार क्विंटल से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के उपार्जन केंद्रों में जहां समर्थन मूल्य पर धान की जमकर खरीदी हो रही है, वहीं दूसरी ओर उपज मंडी केंद्रों में भी धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है। व्यापारी मंडी में बोली लगाकर धान की खरीदी कर रहे हैं। जिले के पंडरी-तराई (कांपा) उपज मंडी में नवंबर में 870 किसान 20 हजार 124 क्विंटल धान बेच चुके हैं। इन किसानों को धान के बदले 4 करोड़ 62 हजार 480 रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है, जैसे-जैसे धान की कटाई में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों के अलावा मंडी में पंजीकृत किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में जाने लगे हैं। नवंबर में दीपावली त्योहार के बाद से उपार्जन केंद्रों के साथ मंडियों में भी किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं। उपज मंडी में वहीं किसान धान बेचने पहुंच रहे हैं, जिनका पंजीयन उपार्जन केंद्रों में नहीं है।

### ग्रेड व नमी देखकर लगाई जा रही बोली

*मंडी में धान को ग्रेड के अनुसार तथा उसकी नमी की मात्रा को परखकर खरीदा जा रहा है। इसके लिए व्यापारियों द्वारा धान की बोली लगाई जा रही है। अब तक न्यूनतम 1941 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदा गया है, वहीं अधिकतम बोली 27 सौ रुपए लगाई गई है। हालांकि ग्रेड ए धान की न्यूनतम बोली 1800 रुपए एवं अधिकतम 3495 रुपए तक लगाई जा रही है।*



### धान के साथ अन्य उपज बेचने भी आ रहे किसान

मंडी में धान के साथ अन्य उपज बेचने के लिए भी किसान पहुंचने लगे हैं। सबसे ज्यादा धान बेचने के लिए किसान आ रहे हैं। नवंबर में 870 किसान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान बेच चुके हैं। किसानों की सुविधा के अनुसार मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से खरीदी व भुगतान किया जा रहा है।

- **प्रदीप शुक्ला,** सचिव, उपज मंडी रायपुर

### तिवरा, सोयाबीन, सरसों गेंहू-मक्का भी खरीदी शुरू

*मंडी में धान के अलावा किसान तिवरा, सोयाबीन, सरसो, गेंहू एवं मक्का बेचना भी प्रारंभ कर दिए हैं। हालांकि इन सभी की मात्रा बहुत कम है। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार नवंबर माह में 3 किसानों ने 8 क्विंटल गेंहू, 1 किसान ने 1 क्विंटल मक्का, 1 किसान ने 2 क्विंटल तिवड़ा, 1 किसान ने 8 क्विंटल सोयाबीन एवं 2 किसानों ने 3 क्विंटल सरसों बेचा है। इन सभी किसानों को उपज का भुगतान भी कर दिया गया है।*

### ऑनलाइन व मैनुअल ट्रांजेक्शन

*मंडी में पंजीकृत किसानों से धान सहित अन्य उपज की खरीदी व भुगतान मैनुअल व डिजिटल दोनों प्रणाली से की जा रही है। इसके तहत 57 किसानों को मैनुअल तथा 833 किसानों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से खरीदी और भुगतान किया गया है।*

## खबर संक्षेप



### रूपाली को मिला राज्य के प्रतिनिधित्व का अवसर

**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अगरतला त्रिपुरा में 12 से 15 दिसंबर तक अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग राष्ट्रीय शालेय जूडो क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर जिले के ग्राम सेमरिया के शासकीय हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्रा रूपाली साहू को अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में हुआ था, जिसमें 70+ किलो वर्ग में रूपाली साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। स्कूल की प्राचार्या नौसाबा हनीफी, शिक्षक और जूडो कोच सूरज वर्मा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पीएम आवास के 5 भवनों को 4 माह में तैयार करने के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 अपूर्ण भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कर 4 महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ये आवास 12 भवनों में किया जा रहा है, जिसमें 5 भवन में आवास के निर्माण पूर्णता की ओर है, वहीं 5 भवनों के आवासों में फिनिशिंग का कार्य होना बाकी है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चौथी बार थोक सब्जी विक्रेता समिति के अध्यक्ष बने रेड्डी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी की संचालन समिति श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई का गुरुवार चुनाव हुआ। इसमें टी. श्रीनिवास रेड्डी लगातार चौथी बार तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए फिर से अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से चुने गए। चुनाव अधिकारी मोहनलाल रोहरा एवं ईश्वर पंजवानी ने बताया, उपाध्यक्ष राजा साहू एवं विनूराम साहू, सचिव हरीश बाबरिया, कोषाध्यक्ष राजा पंजवानी, सहसचिव अमित गुप्ता पिंटू, सेवक मटलानी एवं कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्राकर एवं सोहित राम साहू भारी बहुमत से निर्वाचित हुए। समिति का कार्यकाल 5 दिसंबर 2024 से 4 दिसंबर 2027 तक रहेगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202412213700003 ब /121/2024
ग्राम - चण्डी प.ह.नं. 38

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया गया हैं आवेदक द्वारिका प्रसाद वर्मा पिता श्री लखन लाल वर्मा जाति कुर्मी निवास ग्राम चण्डी प.ह.न.-38 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक स्वयं द्वारिका प्रसाद वर्मा पिता श्री लखन लाल वर्मा का जन्म दिनांक 10/07/1981 को स्थान ग्राम चण्डी में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत रवेली में जन्म पंजीयन दर्ज नही करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक स्वयं द्वारिका प्रसाद वर्मा पिता श्री लखन लाल वर्मा का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदक के साथ दस्तावेज संलग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सुहेला

# निजी ही नहीं सरकारी अस्पतालों में भी अटका 'आयुष्मान' का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आम जनता को निशुल्क उपचार देने के लिए लागू आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अस्पतालों को भुगतान की प्रक्रिया नियमित नहीं है। प्रदेश के निजी ही नहीं, सरकारी अस्पतालों को भी इस योजना के तहत किए गए मरीजों के उपचार की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के सबसे बड़े आंबेडकर और सुपर स्पेशलिटी डीके अस्पताल को डेढ़ सौ करोड़ रुपए दिया जाना है।

हरिभूमि सरोकार

पिछले दिनों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा निजी अस्पतालों की बकाया राशि के भुगतान के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की गई थी। यह बात सामने आई थी कि प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत 22 सौ करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है। इनमें निजी के साथ सरकारी अस्पताल भी शामिल हैं। बड़े अस्पतालों के रूप में पहचाने जाने वाले आंबेडकर और डीके अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान योजना के हितग्राही होते हैं, जिन्हें राशनकार्ड के आधार पर निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है।


इस इलाज के बदले शासन को सरकारी अस्पतालों को निर्धारित पैकेज के हिसाब से राशि का भुगतान किया जाना होता है। आंबेडकर अस्पताल में योजना के करीब सौ करोड़ की राशि अटकी हुई है। वहीं डीके अस्पताल में लगभग 52 करोड़ रुपए का बकाया है। इसी तरह राज्य के अन्य शासकीय मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों को इस योजना में इलाज के बाद किए गए बड़े क्लेम की राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

## आंबेडकर और डीके अस्पताल को अब तक नहीं मिला डेढ़ सौ करोड़

### बैठक में उठा था मुद्दा

मंगलवार को मेडिकल कालेजों की स्वशासी समिति की बैठक में आयुष्मान योजना के तहत इलाज के बदले अस्पताल को भुगतान किए जाने वाली पेडिंग राशि पर भी चर्चा हुई थी। आयुष्मान योजना से उपचार के बाद अस्पताल को मिलने वाली राशि स्वशासी समिति के पास जाती है। इस राशि की मदद से अस्पतालों के संसाधन कर्मचारियों के वेतन, रखरखाव सहित अन्य खर्च को पूरा किया जाता है।

**कैसे होगा निशुल्क इलाज..**



*निजी अस्पतालों को पांच माह का भुगतान नहीं : निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत पिछले पांच माह से राशि का भुगतान नहीं हुआ है। चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल को स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जानकारी दी गई थी। उन्हें लंबित भुगतान के लिए उच्चस्तर पर बातचीत कर पहल करने का आश्वासन दिया गया था।*

### जिला अस्पताल भी पीछे नहीं

आयुष्मान योजना के तहत उपचार की राशि का इंतजार करने वाले अस्पतालों को रायपुर का डिस्ट्रिक हास्पिटल भी शामिल है। बीते 11 में यहां करीब 1.57 करोड़ रुपए का क्लेम किया गया था। इसमें से अस्पताल को 59 लाख रुपए मिले और शेष 87.90 लाख रुपए का भुगतान पेंडिंग है। जिला अस्पताल की ओर आयुष्मान हितग्राहियों के उपचार के लिए करीब 1160 केस में भुगतान के लिए क्लेम किया गया था।

## छग राज्य महिला आयोग में आया ठगी का प्रकरण

# नौकरी जाने के भय से ठगी की रकम लौटाने तैयार क्लर्क, पीड़िता को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक द्वारा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवती से ठगी करने का मामला छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आया। इस प्रकरण में लिपिक ने स्वीकार किया कि उसने युवती से 2 लाख 10 हजार रुपए लिए हैं। इस राशि में से 1 लाख 10 हजार रुपए वह युवती को लौटा चुका है। शेष रकम एक लाख रुपए के लिए वह युवती को अपने दफ्तर के चक्कर लगवा रहा था। आयोग ने इस प्रकरण में लिपिक को शेष रकम लौटाने के लिए 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद भी लिपिक पैसे नहीं लौटाएगा, तो आयोग उसकी नौकरी समाप्त करने की अनुशंसा करेगा। आयोग की बात सुनते ही लिपिक शेष राशि भी देने के लिए तैयार हो गया।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने जल संसाधन प्रार्थना भवन बिलासपुर में गुरुवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान बिलासपुर शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक के विरुद्ध एक युवती ने उसके साथ ठगी करने का केस किया। युवती ने आरोप लगाया कि लिपिक उसे उसी विद्यालय में सरकारी नौकरी पर लगा दूंगा का झांसा देकर उससे 2 लाख 10 रुपए लिए थे। नौकरी जब नहीं लगी, तो युवती ने लिपिक से अपने दिए पैसे वापस मांगे। इसे लेकर लिपिक द्वारा उसे टाल-मटोल कर घुमाया जा रहा था। हालांकि इस प्रकरण में लिपिक का कहना है कि उसने किस्तों में युवती को 1 लाख 10 हजार रुपए दे दिए हैं, जबकि युवती द्वारा इससे भी इनकार किया गया।






इसके बाद भी युवती शेष 1 लाख रुपए लेने के लिए राजी हो गई। इस पर आयोग ने लिपिक को निर्देश दिए कि 13 दिसंबर के भीतर वह एक लाख रुपए का इंतजाम करे और रायपुर में सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष युवती को रकम लौटाए। इस तय समय में अगर वह युवती को पैसे नहीं लौटाएगा, तो उसके विरुद्ध आयोग शासन से उसकी सेवा समाप्त करने के लिए अनुशंसा करेगा।

### आदेश का 4 माह में पालन नहीं, उच्चधिकारी भी बनाए जाएंगे पक्षकार

आयोग में एक पुराना प्रकरण आया था, जिसमें आवेदक को 4 माह के भीतर आवेदिका को बकाया राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के बाद भी समय-सीमा में आवेदिका को भुगतान नहीं किया गया है। इस पर आवेदिका ने आयोग में फिर गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान अनावेदक भी उपस्थित हुआ। उसके द्वारा बताया गया कि आवेदिका की मांग जायज है। इसके लिए उसके द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है, जिसका अब तक जवाब नहीं मिला है। आयोग ने पत्र की कॉपी पेश करने के लिए अनावेदक को निर्देश दिए हैं, साथ ही यह भी कहा कि जिन उच्चधिकारियों को पत्र लिखा गया है, उनके नाम व पता की भी जानकारी दे, ताकि इस प्रकरण में उनके नाम भी पक्षकार के रूप में नाम जोड़ा जाए। आयोग ने प्रकरण की अगली सुनवाई की तारीख दी है, जिसमें इस प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

# धान खरीदी पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए किसानों को टोकन जारी करने से लेकर बारदाना की व्यवस्था, धान का उपार्जन एवं भुगतान, केंद्रों में खरीदे गए धान का उठाव पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन आवेदन करने के लिए समिति माड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप की सुविधा दी गई है। टोकन आवेदन करने में दिक्कत होने पर किसान समिति में ऑपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन कर सकते हैं। केंद्रों में धान उपार्जन के लिए 72,194 गठान बारदाने उपलब्ध हैं। विशेष परिस्थिति में किसानों के बारदानों का उपयोग और 25 रुपए प्रति नग बारदाना भुगतान के लिए अपेक्स बैंक को 11 करोड़ 23 लाख रुपए भी दे दिए गए हैं।

### किसानों को भुगतान के लिए अब तक 6728 करोड़

राज्य में 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। 5 दिसम्बर तक 2739 उपार्जन केन्द्रों में कुल 29.22 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रदेश में कुल पंजीकृत 27.78 लाख कृषकों में से अब तक 6 लाख 15 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य में धान का विक्रय किया है।

*अब तक 33 हजार क्विंटल धान जब्त : प्रदेश में धान के अवैध परिवहन एवं अफरातफरी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश में अवैध धान के 3305 प्रकरण बनाए गए हैं एवं 33054 क्विंटल धान जब्त किया गया है।*

### सिंधु पैलेस में महिलाओं और बच्चों के लिए हुई प्रतियोगिता



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा सिंधु पैलेस में गत दिनों दीपावली मिलन (पारिवारिक मिलन समारोह) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। जिसमें रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता, बच्चों के सिंधी भाषा में रिल, महिलाओं के लिए फनी रील एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की गई। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ। मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी शामिल हुए। इस अवसर पर कशिश गोवानी एवं भाविका विधानी, सुनील अजवानी आदि उपस्थित रहे।

# कॉलेज में कैरियर गाइडेंस पर हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा




स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में क्यूएसी प्रकोष्ठ के तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे के मार्गदर्शन में कैरियर गाइडेंस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इम्पोवेरिंग कॉलेज स्टूडेंट्स डिस्कवर योर फ्यूचर इन एविएशन विषय पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रीत शारदा शुक्ला ने विद्यार्थियों को विमानन एवं आतिथ्य के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं एवं अवसरों से अवगत कराया। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आयामों पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपनी सीमाओं से बाहर निकल कर इस नए संभावनाओं से भरे क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में समस्त संकायों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# पुस्तक अभिवाचन स्पर्धा, महाराष्ट्र मंडल की स्मिता और स्वाति पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाराष्ट्र मंडल भिलाई में आयोजित मध्यप्रदेश मराठी अकादमी के पुरस्कार वितरण समारोह में रायपुर की स्वाति मोडक और स्मिता चांदे को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को लंदन से पहुंचीं शारदा जिरापुरे ने पुरस्कृत किया। स्वाति तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और गुजरात में मराठी पुस्तक अभिवाचन स्पर्धा में विजेता रहीं, वहीं स्मिता चांदे निबंध लेखन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की विजेता रहीं।



मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर ने 22 सितंबर को अभिनव पुस्तक वाचन स्पर्धा का आयोजन किया था। इस स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल सहित बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा और भिलाई के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। सभी विजेताओं को महाराष्ट्र मंडल सेक्टर-4 में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंदौर की मुख्य समिति के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाराष्ट्र मंडल के मराठी साहित्यिक समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल के 12 सदस्यों ने भाग लिया था। इसमें से 78 फीसद अंक के साथ स्मिता चांदे प्रथम स्थान पर रहीं। स्वाति डबली द्वितीय और भारती देवणकर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भिलाई केंद्र में माधुरी बक्षी विजेता, जयश्री जलतारे व आरती द्रोणकर उपविजेता, सुषमा नेने और वर्षा देशपांडे को तीसरा स्थान मिला। कुमुद के मुताबिक, इस वर्ष अभिनव पुस्तक वाचन के लिए निर्धारित पुस्तक 'कहानी लंडन च्या आजी बाई ची' पर आधारित थी।

# शिक्षक की विदाई पर भाव विभोर हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसमुड़ी, विकासखंड आरंग से न्यायालयीन आदेश अनुसार पूर्व शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, विकासखंड तिल्दा नेवरा में वापसी होने पर भैंसमुड़ी के छात्रों एवं शिक्षकों ने उन्हें विदाई दी। मिडिल स्कूल भैंसमुड़ी के प्रधान पाठक निर्मला कोशले ने कहा कि धीवरजी हमारे संस्था में अल्प समय ही रहे, लेकिन उनके कार्यों को सदा याद किया जाता रहेगा। शिक्षक संतोष कुमार पाटकर, तिलक राम मनहरे, भुवनेश्वर प्रसाद लहरी ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षक धीवर सभी छात्रों के प्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक हैं। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय भैंसमुड़ी के प्रधान पाठक सुरेश कुमार तिवारी एवं शिक्षक यज्ञ ऋषि गोरे, चमेली, कुंती, संतोषी, हिरमत अश्वनी रेखा, लच्छन, प्रेमीन एवं मध्यान्ह भोजन समिति के अध्यक्ष सोनम उपस्थित थे।

### माता विंध्यवासिनी मंदिर में कुंभ भराई कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिनिधि

**बसना।** विधानसभा बसना अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर के गढ़ परिसर में माता विंध्यवासिनी मंदिर के कुंभ भराई कार्यक्रम में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के प्रतिनिधि रामचंद्र अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने माता विंध्यवासिनी की पूजा-अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की तथा माता विंध्यवासिनी मंदिर कुंभ भराई की अनंत शुभकामनाएं व बधाई दिए। यहां माता विंध्यवासिनी का भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, भजन कीर्तन समारोह की शोभा बढ़ाई जा रही है जिसमें भक्ति में गायन वादन किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### डीईओ से समन्वयक ...

टेकलाल सोनी, दिनेश चौहान, ज्योति प्रकाश खेश, पंकज लोचन दुबे, अजय यादव, अभिनव नारंग, महंगू भारद्वाज, संतोष कुर्रे, विद्याधर पटेल, महेश नायक, भुवनेश्वर सिंह, विपिन भगत, बुधराम वाडेकर, देवनाथ मार्कंडेय आदि समन्वयक साथी उपस्थित थे।

### शराब पिलाने वाले...

लवन द्वारा 2, थाना पलारी 1, थाना सिमगा 2, थाना भाटापारा शहर 4, थाना गिधपुरी 6, थाना कसडोल 3, थाना भाटापारा ग्रामीण 2, थाना गिधौरी द्वारा 1 एवं चौकी करहीबाजार द्वारा 4 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### इन पर हुई ...

कुलेश्वर साहू 22 साल अर्जुनी भाटापारा, मनीष साहू 23 साल अर्जुनी भाटापारा, जयराम देवांगन 36 साल कटगी कसडोल, कमलेश धुरव 34 साल बिटकुली करहीबाजार, सत्य जगत 34 साल बिटकुली करहीबाजार का नाम शामिल हैं।

### प्री मैट्रिक आदिवासी...

मासूम बच्चे जो अपने घर परिवार से दूर छात्रवास में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं ओ मजबूरी में अपना गुजर बसर कर रहे हैं। जो बच्चे इस छात्रवास के कमरों में रहते हैं उस कमरे का हालत इतनी खराब है कि खुद आदिवासी विभाग के अधिकारी चंद मिनट भी नहीं रह पाएंगे। ऐसे छात्रवास में गरीब बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने कई मिल दूर से यहां पढ़ने पहुंचे हैं।

### रसोइया के भरोसे ..

का टोटी लगाना भूल गए हैं। किसी भी टायलेट में पानी नहीं आता। कई नल में कनेक्शन ही नहीं हुआ और ऐसे में यहां बच्चों को रहने के लिए परमिशन दे दिया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लैब टेक्निशियन के कौशल परिणाम जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में संविदा भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके फलस्वरूप सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं लैब टेक्निशियन का कौशल परीक्षा 5 दिसंबर को आयोजित किया गया। उक्त कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिसका अवलोकन संबंधित आवेदकों द्वारा कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 और 11 को रायगढ़ में

**महासमुंद।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीर (थल सेना) भर्ती के तहत लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि महासमुंद जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 दिसंबर को और अग्निवीर टेक्नीकल, क्लर्क, ट्रेडमेंन पदों के लिए यह परीक्षा 11 दिसंबर को निर्धारित है। महासमुंद जिले से रायगढ़ जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत 7 से 9 दिसंबर तक रैन बसेरा, ट्रांसफोर्ट नगर, गांधी नगर सामुदायिक भवन, रायगढ़ एवं 11 दिसंबर को मंगल भवन, कबीर चौक, रायगढ़ में ठहरने की सुविधा रहेगी।

### संविदा भर्ती के लिए 11 तक दावा आपत्ति

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें लेखापाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 के प्राप्त आवेदनों का इन्द्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया हैं। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि स्वयं कार्यालय में उपस्थिति होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के लिए आवेदन का प्रारूप तथा पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जाएगा।

### आवास मित्र भर्ती के लिए दस्तावेज सूची जारी

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का दस्तावेज सत्यापन पश्चात सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन जिले की वेबसाईटपर किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि उक्त सूची में केवल लिपिकीय त्रुटि में सुधार के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

### रामभुवन नायक

**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी



रामभुवन नायक 56 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम गौंटिया तालाब में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्रामीणजन शामिल हुए। वह पूर्णिमा नायक के पति, दाऊलाल नायक के पुत्र, दीपक नायक, विक्की नायक के पिता तथा राजेंद्र प्रसाद नायक के अनुज, रामनारायण, संतोष नायक के अग्रज व संजय नायक के चाचा थे।

**धन खरीदी : किसानों को हो रहा नुकसान, मामला छरछेद केंद्र का**

# खरीदी केंद्रों में मापदंड से अधिक लिया जा रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल






ब्लॉक के सभी धान खरीदी समितियों में किसान 15 से 20 प्रतिशत धान बेच पाए है, बाकि किसान धान फसल की मिंसाई कर रहे हैं। वहीं कसडोल विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सरकार द्वारा जारी मापदंड 40 किलो 580 ग्राम से अधिक तौल कर किसानों को लूटा जा रहा है। ताजा मामला प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छरछेद से सामने आया है, जहां धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसानों से समिति प्रबंधक के इशारों पर मोकरदम द्वारा हमाल की साठ-गांठ से 400 से 500 ग्राम तक अधिक धान की तौलाई की जा रही है। जबकि पूरे धान खरीदी परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, बावजूद इसके किसानों से धान अधिक लेकर किसानों को ठगा जा रहा है, जबकि शासन की नियमानुसार 40 किलो 580 ग्राम तौल किया जाना है।

जितना वरदानों का वजन होगा, उसी के हिसाब से पासन चढ़ाना है और 40 किलो 580 ग्राम खरीदी करना है, लेकिन यहां शासन प्रशासन के नियमों ठेंगा दिखाते हुए, समिति प्रबंधक द्वारा मौके पर मौजूद होते हुए भी किसानों से धान अधिक लिया जा रहा है। वहीं किसानों के विरोध करने पर 200 ग्राम सुखत लेनी बात बोलकर खुलेआम किसानों को ठगा और लुटा जा रहा है। कई किसान ऐसे भी है जो हेमालो द्वारा अधिक तौल करने पर कुछ भी नहीं बोलते, मगर रोजाना हजारों क्विंटल धान खरीदी हो रही है और प्रत्येक बारदानों का वजन वरदानों मिलाकर होना चाहिए। 40 किलो 580 ग्राम मगर यहां धान अधिक तौल रहे हैं। अब 1 बोरी अगर 200 ग्राम ही एस्ट्रा निकला तो 1 किसान एक बार 10 क्विंटल बेचता है। इधर समिति प्रबंधक रामसागर कैवर्त्य ने मीडिया के सामने एक्स्ट्रा तौल होने की बात स्वीकार भी की और कहा कि 200 ग्राम एक्स्ट्रा इसलिए ले रहे कि कही धान में सुखत आती है इसलिए ले रहे है।

**कहीं भी अधिक नहीं ली जायेगी धान**

मैं धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से ही तहसीलदार को भेजा था, कहीं भी धान की अधिक तौल नहीं होने दिया जाएगा। सभी जगह शासन के गाइडलाइंस के मुताबिक ही धान खरीदी जायेगी। कही कोई गड़बड़ी होगी तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। मैं शनिवार को समिति वालों का बैठक भी बुलाया हूं। सभी को निर्देश दिए जायेंगे।

-रामरतन दुबे
एसडीएम, अनुभाग कसडोल

# संयंत्र में ग्रामीण युवाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण 10 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए कंप्यूटर, ब्यूटिशियन एवं ड्रेस मेकिंग ट्रेड में 3 माह का एडवान्स एवं बेसिक ट्रेनिंग 10 दिसंबर से निःशुल्क प्रारम्भ किया जा रहा है। ट्रेनिंग हेतु आवेदन सीएसआर सेंटर रावन से प्राप्त कर सकते हैं। बेसिक कंप्यूटर ट्रेनिंग के अलावा एडवान्स ट्रेनिंग में टैली एवं जीएसटी का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। ब्यूटिशियन बेसिक ट्रेनिंग के अलावा जो अभ्यर्थी ब्यूटिशियन को अपना स्वरोजगार का अवसर बनाना चाहते हैं उनके लिए एडवान्स ट्रेनिंग प्रारम्भ की गई है। इस ट्रेड में बेसिक कोर्स या पहले से व्यावहारिक अनुभव होने वाले अभ्यार्थी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं ड्रेस मेकिंग में बेसिक कोर्स के अलावा एडवान्स ट्रेनिंग में स्वयं का टेलरिंग दुकान या इस क्षेत्र में स्वरोजगार करना चाहते हैं इनको बाजार की जरुरत के अनुसार ड्रेस मेकिंग, मार्केटिंग आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर परिसर में सर्वसुविधा युक्त कंप्यूटर लैब, ब्यूटिशियन ट्रेनिंग सुविधा तथा बेसिक एवं एडवान्स सिलाई मशीनों के साथ ट्रेनिंग अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दी जाएगी।

# परिनिर्वाण दिवस पर विधायक ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर क्षेत्र की विधायक कविता प्राण लहरे ने पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

शुक्रवार को परिनिर्वाण दिवस पर अपने गृह ग्राम कोसमकुंडा में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद कर उनके प्रतिमा का पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक ने बाबा साहब द्वारा विश्व कल्याण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी को उनके बताएं रास्ते का अनुकरण कर अपने जीवन में आत्मसात करने की बातें कही।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे, शांति बंजारे, मिथिलेश लहरे, डेविड जांगड़े, अरविंद मनहर, प्रिया लहरे, विवेक टंडन, गौतम, बिट्टू टंडन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव आंम्बेडकर की पुण्यतिथि मनी



**लवन।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की नगर पंचायत लवन में युवाओं ने मौन धारण कर आम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई। संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर ने सभी वर्गों के हितों के लिए संविधान के माध्यम से हक अधिकार प्रदान किये हैं। समारोह में हिन्छा अनंत, रामायण अनंत, विजय बार्वे, भरत मनहरे, सियाराम बंजारे, विनोद अनंत, अनिल कोसरिया, अजय बार्वे, पंकज अनंत, ईसाहक बार्वे, परदेशी निराला, सुयश बंजारे, शुभम घृतलहरे, संस्कार बार्वे, लल्ला बार्वे, लखन अनंत, अभय घृतलहरे, सुरेश साय, रामायण मनहरे, निखिल बार्वे, बालकदास निराला, आशीष जांगड़े, सत्यम खुटे, गौरव बार्वे आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बाबा साहेब आंम्बेडकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। डॉ.आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष 6 दिसंबर को मनाई जाती है। इसे महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। विदित हो कि बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर 1956 को हुआ था।

## एबीसी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का पुरस्कार वितरित



**खरोरा।** एबीसी स्कूल सारागांव में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। वार्षिक खेल उत्सव में नर्सरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सभी खेलों का आयोजन को चार हाउस ग्रुप सफायार, रूबी, टोपाज और इमराल्ड में विभाजित किया गया था। खो–खो, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, गोला फेक, भाला फेक, कुर्सी दौड़, रेस, रिले रेस, बुक बैलेंस, कैरम और चेस आदि खेलों का आयोजन किया गया था। सभी खेलों के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को शील्ड, कप, गोल्ड एवं सिल्वर मैडल पुरस्कार के साथ प्रसस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट प्लेयर के लिए अर्सद अली और डॉली यादव को पुरस्कृत किए गए। अर्पणा चंद्राकर, उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू, स्कूल के डायरेक्टर अनिता वर्मा, सीईओ विभीषण वर्मा, सदस्य मोनिका वर्मा सादर आमंत्रित थे।

## रामकथा महोत्सव में शामिल हुए डॉ. शिव डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



शिवरीनारायण मंदिर में आयोजित राम कथा महोत्सव में शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एक दिवसीय प्रवास पर कार्यकर्ताओं सहित शामिल होकर आचार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य का आशीर्वाद लिया।

मठाधीश गौ आयोग के पूर्व अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ने श्री डहरिया को भगवान शिवरीनारायण के फोटो फ्रेम भेंट तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात प्रतीक्षारत कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने मंत्री का स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने धान बेचने में हो रही परेशानियों के अनेक बिंदुओं पर अवगत कराया। इस अवसर पर सुखरामदास, निरंजन अग्रवाल, छत्रसाल साहू, हेमंत दुबे, मनोज तिवारी, अंजनी तिवारी, पुनेंद्र तिवारी, राजेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, नवल सिंह ठाकुर, हर प्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, ताराचंद देवांगन, रामगोपाल साहू, रामशंकर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, जान मोहम्मद, धनीराम नाग, भूरवाराम गोड, पूनूराम बंजारे, सुखीराम वर्मा, दिनेश देवांगन, शैलेंद्र देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का एलआईसी ने किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम देवदा एवं सोनपैरी में विभिन्न कक्षाओं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रखा गया था। साथ ही आने वाले समय में जरूरत और अपने बच्चों की शिक्षा एवं जरुरत को पूरा करने के लिए बीमा करके अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने एवं बच्चों की शिक्षा और शादी एवं अन्य सभी जरुरत के लिए बीमा के फायदे के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महासमुंद भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा महासमुंद ब्रांच के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एमडी ठाकुर, सहायक शाखा प्रबंधक अभिषेक बहादुर, एम.डी.आर.टी. यू. एस. ए. राकेश कुमार झाबक, अभिकर्ता खामिर सिंग जांगडे, सरपंच आशा यशवंत कोशले, उप सरपंच बिल्लू दास माहिल, प्रभारी हेड मास्टर हीरा मंगेशकर, प्रधान पाठक शत्रुघन लाल साहू, हीरा सेन आदि उपस्थित थे।

## जिला इकाई शिक्षक संघ ने की डीईओ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर शिक्षक संवर्ग के विभिन समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की। इसमें 2021 में सीधी भर्ती से नियुक्त हुए सहायक शिक्षक की नियमितीकरण आदेश जारी करने, अर्धवार्षिक परीक्षा में 5वी और 8वी की परीक्षा विद्यालय स्तर पर लिए जाने एवं परीक्षा समय में संशोधन, शीतकालीन अवकाश में 9वी से 12 वीं तक की कक्षा के लिए अवकाश समाप्त करने का आदेश निरस्त करने, लोकसभा निर्वाचन 2024 में मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश हुआ था, उसके लिए अतिरिक्त अर्जित अवकाश प्रदान करने का आदेश के संबंध में चर्चा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी से यह अपेक्षा रखी कि शिक्षा में गुणवत्ता के लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाए एवं आन लाइन कार्य को सरलता प्रदान करने के लिए जिला, ब्लाक एवं संकुल स्तर पर एक टेक्निकल टीम तैयार करना जिससे छात्रवृत्ति, यू डाइस आदि कार्य करने में कोई दिक्कत न हो। इस अवसर बी एल चंद्राकर, रामकुमार साहू, योगेंद्र पड़वार, जायंती लाल कुर्रे, पंचराम साहू, भगवान प्रसाद दुबे, बुद्धेश्वर कुमार कश्यप, कमलेश साहू, मूलचंद देवांगन, गौरी शंकर कर्ष, नवल दुबे, विजय साहू, भूपेंद्र साहू, चूड़ामणि साहू, संजीव राजेत्री, अजय नारंग, विनोद भैना, महेंद्र साहू, चुनुक जाटवर, तिलेश्वर भारद्वाज उपस्थित थे।

**उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने पहुंच रहे किसान**

# मौसम के कारण खरीदी केंद्रों में बढ़ी धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



पिछले तीन चार दिनों से बदलते मौसम के चलते किसान काफी चिंतित हैं और सालभर की मेहनत धान की फसलों को सहेजने जुटे हैं।

बदलते मौसम को देखते हुए और मजदूरों की कमी के चलते किसान हार्वेस्टर थ्रेसर से मिंजाई कर रहे हैं, ताकि धान फसल को नुकसान न पहुंचे और शीघ्र समर्थन मूल्य पर धान आसानी से बेच सके। वहीं सोमवार से धान खरीदी केन्द्रों में धान की बंपर आवक प्रारंभ हो चुकी हैं। समर्थन मूल्य में धान खरीदी इस वर्ष 14 नवंबर से प्रारंभ हो गई है जो 31 जनवरी तक चलेगी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा लवन के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र मुंडा में 2 दिसंबर तक 67 किसानों से 2513 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। धान खरीदी प्रभारी गीता वर्मा, समिति प्रबंधक शेखर साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश्वरी श्रीवास ने बताया कि उपार्जन केंद्र मुंडा में मुंडा के अलावा कोलिहा, सरवाडीह, ढनढनी, चिरपोटा, खम्हारडीह के कृषक धान बेचने आते है। इन गांवों से 1139 पंजीकृत किसान धान बेचेंगे। इसी तरह उपार्जन केंद्र धाराशिव में 834 किसानों से 48626 क्विंटल की धान खरीदी किया जाना है, जिसमें अभी 128 किसानों से 4610 क्विंटल की धान खरीदी हो गई। कंप्यूटर ऑपरेटर निलेश रजक ने बताया कि खरीदे गए धान की कुल राशि 10603920 है जिसमें से 4999866 का भुगतान हो चुका है। इसी तरह उपार्जन केंद्र कोहरौद में 897 पंजीकृत किसानों से 43830 क्विंटल धान की खरीदी किया जाना है जिसमें अभी 147 किसानों से 5846 क्विंटल की धान खरीदी हो गई है। कंप्यूटर ऑपरेटर नकुल साहू ने बताया कि खरीदे गए धान की कुल राशि 13445800 है, जिसमें से 8928336.60 की राशि भुगतान हो चुका है।

